ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में दस लाख करोड़ निवेश का लक्ष्य

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ में 10 से 12 फरवरी तक होगा आयोजन

पार्टनर कंट्री बनने के लिए सिंगापुर, फ्रांस, यूके और मॉरीशस से आए प्रस्ताव

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस)-2023 का आयोजन लखनऊ में 10 से 12 फरवरी तक होगा। इस समिट में दस लाख करोड़ रुपये के निवेश लक्ष्य है। इससे यूपी को दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में काफी मदद मिलेगी। सिंगापुर, फ्रांस, यूके, मॉरीशस ने समिट में पार्टनर कंट्री बनने का प्रस्ताव दिया है। एक दर्जन से अधिक देश इसमें पार्टनर बन सकते हैं। समिट के लिए करीब डेढ़ दर्जन देशों में रोड शो आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री आवास पर बृहस्पतिवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ ने जीआईएस की तारीखों का एलान किया। सीएम ने कहा कि यह आयोजन नए उत्तर प्रदेश की आकांक्षाओं को उड़ान देने वाला होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी औद्योगिक निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के रूप में उभर कर आया है। उन्होंने कंट्री पार्टर्नर बनाने के लिए नीदरलैंड, कनाडा, यूएसए, जापान, इजरायल, स्वीडन, थाईलैंड के राजदूतों व उच्चायुक्तों से भी संवाद करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय रोड शो में सरकार के मंत्री प्रदेश के ब्रांड एंबेसडर के रूप में जाएंगे। दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, कोलकाता, बंगलूरू, हैदराबाद और चेन्नई में भी रोड शो आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को समिट से पहले लैंड बैंक को और विस्तार देने को कहा है ताकि ताकि प्रदेश में निवेश के लिए आने वाले निवेशकों के लिए भूमि की कोई समस्या न हो।